## अपने वाहन पर नियंत्रण के सम्बन्ध में स्वंय को परखने के कुछ उपायः—

नीचे दिए जा रहे कुछ सवालों के जवाब देने पर आपको खुद ही पता चल जायेगा कि आपका अपने वाहन पर कितना नियंत्रण हैः—

1. क्या आपका वाहन टॉप गियर तक पहुंचने पर बिना हिचकोले खाए चलता रहता है, या वह झटके खाता है ?
2. भारी यातायात में फसने पर आप फटाफट निचले गियर में आ सकते हैं ?
3. क्या आप आपात स्थिति में वाहन को एकदम इस तरह से रोक सकते हैं ताकि पीछे आ रहे वाहन आपस में ना टकरायें ?
4. क्या आप रिवर्स गियर में संकरी जगह में वाहन बैक कर सकते हैं/क्या आप दोपहिया वाहन को बिना जमीन पर पैर रखे यू—टर्न पर मोड़ दे सकते हैं ?
5. क्या आप फारवर्ड और रिवर्स गियरों की मदद से अपने वाहन को विपरित दिशा में मोड़ सकते हैं ? एकाएक वाहन की ब्रेक दबाने से क्या वह बन्द नहीं हो जाता है ?
6. क्या आपको गियर बदलते समय, ब्रेक लगाते समय या क्लिच अथवा एक्सीलेटर का उपयोग करते समय काफी सोचना पड़ता है ?
7. क्या आप घबराकर बार—बार हॉर्न बजाते हैं ?
8. क्या आप अचानक सड़क पार करने वाले पैदल लोगों या दूसरों की लापरवाह ड्राईविंग का समय से पहले अनुमान लगाकर समुचित कदम उठा सकते हैं ?

अपनी योग्यता इस प्रकार आंकेः—

अगर आपके अंक 5 से कम हैं —खाली सड़कों पर कुछ और समय तक वाहन चलायें ताकि आपमें जरूरी आत्मविश्वास पैदा हो।

अगर आपके अंक 5 से ज्यादा हैं —आप अच्छे चालक बन सकते हैं, मगर अभी सब्र से काम लेते रहें।

अगर आपने पुरे अंक पायें हैं— इसका मतलब आप एक जिम्मेदार ड्राईवर हैं एवं अपने को एवं दूसरों को सुरक्षित रखकर चलते हैं फिर भी सावधानी से वाहन चलायें मगर ध्यान रखें ज्यादा आत्मविश्वास से कभी—कभी दुर्घटनाएं हो जाती हैं। इसलिए हमेशा यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहन चलाएं।